Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota

Dist.-Bilaspur (C.G.)

E-mail ID. : gnkckota@gmail.com Tel. No.07753-253210
Website : https://gnkckota.ac.in

==

राष्ट्रीय मतदाता दिवस : 25.01.2022

राष्ट्रीय मतदाता दिवस
(25 जनवरी)
• शा. नि. के. महाविद्यालय कोटा •

राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय मतदाता दिवस
(25 जनवरी)
• शा. नि. के. महाविद्यालय कोटा •

राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय मतदाता दिवस
(25 जनवरी)
• शा. नि. के. महाविद्यालय कोटा •

प्रतिवेदन

राष्ट्रीय मतदाता दिवस : 25.01.2022

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया. इस अवसर पर प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. बी. एल. काशी ने युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण मत प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई. अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि इस बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस निर्वाचन को समावेशी, सुगम और सहभागी बनाने की मूल भावना को लेकर मनाया जा रहा है. लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने एवं उनमें जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रयासों के बीच राष्ट्रीय मतदाता दिवस एक महत्वपूर्ण कदम है. एक जागरूक मतदाता ही राष्ट्र के विकास में अहम योगदान दे सकता है. उन्होंने मतदाताओं से किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आते हुए निष्पक्ष और निर्भीक तरीके से मतदान करने की अपील की.

राजनीति शास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. प्रमिला देवी मिरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के 61 वें स्थापना दिवस 25 जनवरी 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने की शुरूआत हुई. मतदाता दिवस मनाये जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी होगी. इस क्रम में प्रति वर्ष एक जनवरी को 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाते हैं तथा उन्हें निर्वाचन फोटो पहचान पत्र जारी किये जाते हैं.

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शितेष जैन ने बताया कि राष्ट्र के विकास में आम मतदाताओं की भूमिका अहम होती है. जनता ही लोकतंत्र की बुनियाद है. जनता अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार को चुनती है और नीति निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है. राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य लोगों की मतदान प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ मतदाताओं को एक साफ-सुथरी छवि का प्रतिनिधि चुनने के लिए जागरूक करना है. इस सम्बन्ध में महाविद्यालय के द्वारा प्रतिवर्ष लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कालेज के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur(C.G.)